दिन– गुरुवार                                                                दिनांक– 26 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                  अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग की नौ सदस्यीय टीम बिहार दौरे पर। आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ होगी बैठक।

02. राज्य सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के निर्वाचित प्रतिनिधियों को आत्मरक्षा के लिए शस्त्र लाईसेंस निर्गत करने का निर्देश दिया।

03. प्रदेश में जंगली जानवरों के हमले से होने वाली मौत और स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में अब दस लाख रूपये की दी जायेगी सहायता राशि।

04. और, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अगले वर्ष से दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा साल में दो बार कराने को मंजूरी दी।

————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग की नौ सदस्यीय टीम बिहार दौरे पर है। ये टीम अगले तीन दिनों तक अलग–अलग प्रमंडलीय मुख्यालयों में बैठक करेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोग की टीम आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल, सभी प्रमंडलीय आयुक्त और सभी जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इधर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कल पटना में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के राज्यस्तरीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रतिनिधियों को मुख्य रूप से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गयी।

————————————————————

निर्वाचन आयोग ने बिहार के आठ राजनीतिक दलों को नये सिरे से चुनाव चिन्ह का आवंटन किया है। उपेन्द्र कुशवाहा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा को गैस सिलेंडर, मुकेश सहनी के नेतृत्व वाली विकासशील इंसान पार्टी को नाविक और पाल सहित नाव चुनाव चिन्ह आवंटित किये गये हैं। वहीं, प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज को स्कूल बैग चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। भारतीय समर्थक पार्टी को कैंची, लोहिया जनता दल को बाल्टी, जन सहमति पार्टी को लेडीज पर्स, भारतीय जनता समाज सेवी पार्टी को बांसुरी और राष्ट्रीय समाजवादी लोक अधिकार पार्टी को अंगूठी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।

————————————————————

प्रदेश में नगर निकाय आम और उपचुनाव में इक्यावन हजार से अधिक मतदाता मोबाईल एप के जरिये अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। देश में पहली बार बिहार

में ई–वोटिंग प्रणाली लागू हो रही है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ई–मतदान के लिए कुल इक्यावन हजार एक सौ पचपन मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है। इनमें छब्बीस हजार अड़तीस पुरूष और पच्चीस हजार एक सौ सत्रह महिला मतदाता हैं। अट्‌ठाईस जून को नगर निकाय चुनाव के दिन सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक ई–वोटिंग का समय निर्धारित किया गया है।

——————————————————————————

राज्य सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के निर्वाचित प्रतिनिधियों को आत्मरक्षा के लिए शस्त्र लाईसेंस निर्गत करने का निर्देश दिया है। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षक को पत्र जारी किया गया है। पत्र में शस्त्र लाईसेंस संबंधी आवेदन निर्धारित समय सीमा के अन्दर निष्पादित करने के निर्देश दिये गये हैं।

——————————————————————————

राज्य सरकार ने जंगली जानवरों से आम लोगों, पालतू पशुओं और घर को होने वाले नुकसान को लेकर दी जाने वाली सहायता राशि में बढ़ोतरी का फैसला किया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से जारी संकल्प के अनुसार जंगली जानवरों के हमले में मौत होने या स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में व्यक्ति के परिजन को दस लाख रूपये की सहायता राशि दी जायेगी। इसके अलावा गहरी चोट लगने की स्थिति में एक लाख चौवालीस हजार और हल्की चोट लगने या घायल होने की स्थिति में चौवालीस हजार रूपये की सहायता राशि दी जायेगी। इसके अलावा पालतू पशुओं के मारे जाने तथा घरों को हुये नुकसान की स्थिति में भी दी जाने वाली सहायता राशि में बढ़ोतरी की गयी है।

——————————————————————————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई ने अगले साल से दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं वर्ष में दो बार आयोजित करने की घोषणा की है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

नये प्रारूप के अनुसार प्रारंभिक परीक्षा फरवरी में होगी, जो सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगी। इसके बाद मई में परीक्षा होगी, जो वैकल्पिक होगी। यह परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए होगी जो अपने प्रदर्शन को और बेहतर करना चाहते हैं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने प्रदर्शन को सुधारने का अवसर मिलेगा। फरवरी की परीक्षा का परिणाम अप्रैल में और मई में होने वाली परीक्षा का परिणाम जून में आएगा। ये पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप है। अमन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।

शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने इस फैसले की सराहना करते हुए कहा है कि इससे विद्यार्थियों पर परीक्षा का दबाव कम होगा और उनके लिए पढ़ने का एक उत्साहवर्धक माहौल बनेगा। श्री प्रधान ने कहा कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति–दो हजार बीस की मुख्य सिफारिश थी।

————————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने पटना के खुसरूपुर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय की महिला पर्यवेक्षिका राजश्री कुमारी को चौंतीस सौ रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। पर्यवेक्षिका शिकायतकर्ता से क्रय पंजी पर हस्ताक्षर करने के एवज में घूस ले रही थी।

————————————————————————————

बेगूसराय सदर के प्रखंड कृषि पदाधिकारी रत्नेश कुमार को कर्तव्यहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। निलंबित पदाधिकारी पर मक्का बीज वितरण में लापरवाही बरतने का आरोप है।

————————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने पटना के बिहटा और मनेर में छापेमारी कर चार सौ ट्रक अवैध बालू बरामद किया है। बरामद बालू का बाजार मूल्य छियानवे लाख रूपये से अधिक है। इस मामले में बालू माफिया रंधीर राय के ठिकानों पर भी छापेमारी की गयी।

————————————————————————————

आज अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग निवारण दिवस है। यह दिन मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध व्यापार के विरूद्ध जागरूकता के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संदेश में कहा है कि हमें अपने आने वाली पीढ़ियों को नशे की लत से सुरक्षित करने के लिए संकल्प लेना होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर अंकुश लगा कर ही हम सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। इधर, नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो, पटना प्रक्षेत्र द्वारा इस अवसर पर नशीले पदार्थों के दुरूपयोग के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

————————————————————————————

प्रदेश में मादक पदार्थों का दुरुपयोग तेजी से बढा है। इसे लेकर पुलिस मुख्यालय व्यापक स्तर पर कार्रवाई के लिए अलग से यूनिट बनाने जा रहा है। यह यूनिट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की तरह काम करते हुये नशे के संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई करेगी। बिहार पुलिस मुख्यालय के अपर महानिदेशक कुंदन कृष्णन ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि हाल के दस वर्षों में नेपाल और

झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों से मादक पदार्थों की तस्करी बढ़ी है। इस पर नियंत्रण के लिये लगातार कार्रवाई की जा रही है।

———बाईट———

श्री कृष्णन ने कहा कि पुलिस अपने स्तर से कार्रवाई कर रही लेकिन समाज और परिवार को भी आपराधिक तत्वों और नशे के सौदागरों की पहचान कर उनका बहिष्कार करना चाहिए।

———बाईट———

अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि इन मादक पदार्थों की लत स्वास्थ्य के लिये काफी हानिकारक है। इससे आपराधिक घटनाओं को भी बढावा मिल रहा है।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत प्रदेश के अलग—अलग हिस्सों में अच्छी बारिश दर्ज की गयी। बक्सर के चौसा में सबसे अधिक अठहत्तर दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

———बाईट———

———————————————————————————

और, अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र स्थित बाघी मैदान से पुलिस ने नौ साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

पूर्वी चम्पारण जिले के रक्सौल थाना क्षेत्र के भारत—नेपाल सीमा स्थित मैत्री पुल के नीचे से एसएसबी के जवानों ने दो बम बरामद किये हैं। इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन जारी है।

गयाजी के बेलागंज थाना क्षेत्र के नीमचक मोड़ के पास एक अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से साईकिल सवार दो छात्रों की मौत हो गयी।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा को अपनी सुर्खी बनाते हुये लिखा है– नमस्कार! देशवासियों, इकतालीस साल बाद हम अंतरिक्ष में पहुंच गये।

दैनिक जागरण लिखता है– सीबीएसई दसवीं में इस सत्र से दो बार बोर्ड परीक्षाएं।

प्रभात खबर ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– सरकार नौ प्रमंडलीय शहरों में बनायेगी कॉलोनी।

दैनिक भास्कर ने संविधान हत्या दिवस की खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– आपातकाल के खिलाफ लड़े लोगों के सम्मान में केन्द्रीय कैबिनेट का प्रस्ताव।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– मुख्यमंत्री ने एक सौ एक सहायक वास्तुविदों को दिया नियुक्ति पत्र। आज अखबार लिखता है– शिक्षकों के स्थानांतरण संबंधी समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग की नौ सदस्यीय टीम बिहार दौरे पर। आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ होगी बैठक।

02. राज्य सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के निर्वाचित प्रतिनिधियों को आत्मरक्षा के लिए शस्त्र लाईसेंस निर्गत करने का निर्देश दिया।

03. प्रदेश में जंगली जानवरों के हमले से होने वाली मौत और स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में अब दस लाख रूपये की दी जायेगी सहायता राशि।

04. और, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अगले वर्ष से दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा साल में दो बार कराने को मंजूरी दी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।